>

Title: Regarding need for enhancement of budgetary allocation to Nehru Yuva Kendra Sangathan.

श्री सज्जन वर्मा (देवास): भारत वर्ष के ग्रामीण क्षेत्र के नौजवानों को आगे बढ़ाने के लिए एवं ग्रामीण प्रतिभाओं को निखारने तथा इनके राष्ट्रीय चरित्र के निर्माण में सहयोगी भूमिका निभाने के लिए नेहरू युवा केन्द्र संगठन की स्थापना की गई है। हमारे देश की यह संस्था ठीक ढंग से कार्य कर रही है एवं अपने उद्देश्य में सफल भी हो रही है लेकिन अभी भी इस संस्था के माध्यम से देश के ग्रामीण क्षेत्र में बहुत काम करना बाकी है।

इसमें सबसे बड़ी जो रूकावट आ रही है, एवं कार्य की जो मध्यम गति चल रही है उसका कारण है बजट का अत्यधिक कम होना। अतः मेरा सरकार से अनुरोध है कि वर्तमान में इस संस्था के लिए जितने बजट का प्रावधान है उसे बढ़ाकर चार गुना किया जाना चाहिए ताकि हम ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं को एवं युवाओं को आगे बढ़ा सकें।